बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800001

65वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा

शुद्धि–पत्र

65वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा के लिए दिनांक 04.07.2019 को विज्ञापन प्रकाशित करते हुए सुयोग्य उम्मीदवारों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था। सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के पत्रांक – 9720, दिनांक 22.07.2019 के आलोक में उक्त प्रकाशित विज्ञापन के सारणी – 01 के अन्तर्गत क्र॰सं॰ 2 पर वर्णित पुलिस उपाधीक्षक, गृह विभाग (आरक्षी शाखा) के अन्तर्गत आरक्षण कोटिवार विभाजन को निम्नवत् संशोधित किया जाता है:–

आरक्षण कोटिवार रिक्तियाँ									कुल पद
अनारक्षित (01)	अनुसूचित जाति (02)	अनुसूचित जनजाति (03)	अत्यंत पिछड़ा वर्ग (04)	पिछड़ा वर्ग (05)	पिछड़े वर्गों की महिला (06)	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (07)	स्वतंत्रता सेनानियों के पोता / पोती / नाती / नतीनी	दिव्यांग	
25	06	01	09	11	04	06	01	VI- 01 DD- 01	62

उल्लेखनीय है कि सहायक निदेशक–सह–जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के लिए प्राप्त अधियाचना में अलग न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं पाठ्यक्रम निर्धारित है। तदालोक में दिनांक 04.07.2019 को प्रकाशित विज्ञापन के क्र॰सं॰ 9 में वर्णित सहायक निदेशक–सह–जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी के 11 पदों को 65वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा से विलोपित किया जाता है। इस प्रकार 65वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के अन्तर्गत रिक्तियों की कुल संख्या – 423 है।

उक्त संशोधन के आलोक में आवेदन भरने की प्रक्रिया की तिथि को निम्न प्रकार से विस्तारित किया जाता है :–

क्र.सं.	आवेदन आवेदन संबंधी प्रक्रिया	पूर्व में निर्धारित अंतिम तिथि	विस्तारित अंतिम तिथि
1.	रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) की तिथि	24.07.2019	29.07.2019
2.	परीक्षा शुल्क भुगतान करने की **तिथि**	30.07.2019	05.08.2019
3.	ऑनलाईन आवेदन भरने की **तिथि**	06.08.2019	11.08.2019

नोट–
1. **जिस तिथि को रजिस्ट्रेशन किया गया है उसके अगली तिथि को पूर्वाह्न 11.00 बजे के बाद परीक्षा शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के लिए आवेदक को लिंक उपलब्ध होगा।**
2. **जिस तिथि को भुगतान किया गया है उसके अगले तिथि को पूर्वाह्न 11.00 बजे के बाद आवेदक को ऑनलाईन Application Form भरने के लिए लिंक उपलब्ध होगा। अभ्यर्थी दिनांक– 05.08.2019 तक निश्चित रूप से भुगतान कर लें।**
3. **उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में विस्तृत सूचना/विवरणी/जानकारी एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु निर्देश आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रदर्शित है।**
4. अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के पूर्व वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे।
5. **उपर्युक्त विज्ञापन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आयोग के दूरभाष संख्या– 0612–2215795 पर कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।**

दिनांक 04.07.2019 को प्रकाशित उक्त विज्ञापन को इस हद तक संशोधित किया जाता है। विज्ञापन की शेष शर्तें यथावत रहेंगे।

उक्त प्रारंभिक परीक्षा माह अक्टूबर में संभावित है।

24.7.19

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना